दिनांक—29.05.2024 समय—7.10एएम

## प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :—

- देश भीषण गर्मी की चपेट में, राजस्थान में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के पार, प्रदेश में भी आसमान से बरस रही है आग।
- इंदौर, खुरई और अशोक नगर में जलाशयों के संरक्षण को मिली सराहना, 48 परियोजनाओं पर जारी है काम।
- निवाड़ी में पिंक मतगणना की तैयारी, वोटों की गिनती का दायित्व संभालेगी महिलाए।
- विश्व कप निशानेबाजी टीम में प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह सहित सभी प्रमुख खिलाडी शामिल।

### मौसम

देश के कई हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में हैं। राजस्थान के चुरू में कल अधिकतम तापमान 50 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। वहीं, दिल्ली के मुंगेशपुर इलाके में 49 दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ. आर के जेनामणि ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि अगले दो दिनों में देश के उत्तर—पश्चिम क्षेत्र में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। इधर, प्रदेश में भी आसमान से आग बरस रही है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से प्रदेश के अधिकतर शहर भट्टी की तरह तप रहे हैं। निवाड़ी जिले का पृथ्वीपुर लगातार दूसरे दिन सबसे गर्म रहा। यहां सर्वाधिक 48 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके अलावा दतिया, रीवा और खजुराहो में भी 48 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किया गया। प्रदेश के 26 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार ही रहा। भोपाल के मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार, आज भी गर्मी के तेवर इसी तरह बने रह सकते हैं।

### नमामि गंगे अभियान

प्रदेश के नगरीय निकायों में जी आई एस सर्वे के आधार पर झील और तालाब संरक्षण की 48 परियोजनाओं को अब तक मंजूरी मिली है। इनमें इंदौर में तलावली चांदा तालाब, खुरई में झील संरक्षण और अशोक नगर में जलाशय के संरक्षण कार्यों की व्यापक सराहना हुई है। प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी नगरीय निकायों द्वारा जलाशयों के संरक्षण और उन्नयन के कार्य लगातार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में शनिघाट, भोपाल के छोटे तालाब और इंदौर में लालबाग के निकट जल स्रोतों की स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उज्जैन के गौवर्धन सागर की स्वच्छता और सौंद्रर्यीकरण भी सुनिश्चित करने को कहा है। डॉ. यादव ने कहा कि नमामि गंगे अभियान से आमजन को जोड़ने की अपील भी की है।

### मतगणना तैयारियां

प्रदेश में चार चरणों में संपन्न लोकसभा चुनावों की मतगणना 4 जून को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल प्रदेश के सभी 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर उन्हें मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर तेज गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर ठंडा पानी, कूलर, पंखे, मेडिकल किट, एम्बुलेंस, अग्नि शमन यंत्र, फायर ब्रिगेड सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं कर लें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि मतगणना कर्मियों को दिया जा रहा गणना कार्य का प्रशिक्षण 31 मई तक पूरा कर लें।

### मतगणना राउंड

लोकसभा की 29 सीटों पर हुए चुनावों में वोटों की गिनती के लिए 52 जिलों में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। लोकसभा क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत पन्ना जिले की पवई विधानसभा में सबसे अधिक 24 राउंड में मतों की गिनती पूरी होगी। यहां 14 टेबलें लगाई जाएगी। जबकि सबसे कम 11 राउंड में मतों की गिनती भिंड लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले दतिया जिले की सेवड़ा

विधानसभा में होगी। यहां पर 20 टेबलें लगाई जाएंगी। मतगणना के दौरान सबसे अधिक टेबलें लोकसभा संसदीय क्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र सिवनी, मंडला लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र केवलारी, लखनादौन और विदिशा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बुदनी में लगाई जाएंगी। यहां पर क्रमशः 28–28 टेबलें लगाई जाएंगी।

अग्नि सुरक्षा अभियान

इंदौर में चार मंजिला और इससे अधिक के भवनों, होटल, हॉस्पिटल, औद्योगिक एवं अन्य व्यावसायिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा प्रबंधों की जांच के लिये आज से मुहिम प्रारंभ की जा रही है। इस दौरान अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं पाये जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए भवनों को सील करने की कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि अग्नि सुरक्षा प्रबंध के प्रति लापरवाही और अनियमितताएं बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निवाड़ी पिंक मतगणना

निवाड़ी में 4 जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पिंक मतगणना की तैयारी की जा रही है। यहाँ वोटों की गिनती का जिम्मा पूरी तरह से महिलाओं के हाथ में होगा। ईव्हीएम निकलने से लेकर मत पत्रों की गिनती तक सभी दायित्व महिला कर्मचारियों द्वारा पूरे किये जायेंगे। टीकमगढ़ लोकसभा सीट के लिए 14 काउंटिंग टेबिल लगाए गए हैं जिसमें प्रत्येक टेबिल पर 1 महिला काउंटिंग सुपरवाईजर एवं 1 महिला काउंटिंग सहायक रहेंगी। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। एक महिलाकर्मी राजेश्वरी माहोर ने बताया कि महिलाओं की प्रशिक्षण में शत प्रतिशत उपस्थिति मतगणना के लिए उनके उत्साह को प्रदर्शित कर रही है।

निशानेबाजी– विश्व कप

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने जर्मनी के म्यूनिख में आगामी इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन विश्व कप के लिए 23 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की है। सरबजोत सिंह, मनु भाकर, रिदम सांगवान, ईशा सिंह, रुद्रांक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, अनीश और मेहुली घोष जैसे शीर्ष निशानेबाजों को टीम में शामिल किया गया है। ओलंपिक चयन ट्रायल के दौरान शीर्ष तीन निशानेबाज़, ज़्यादातर टीम में शामिल हैं। भारत सभी 10 ओलंपिक इवेंट्स में भाग लेगा।

पर्वतारोहण– रिकॉर्ड

भारतीय पर्वतारोही सत्यदीप गुप्ता ने एक सीज़न में दो बार माउंट एवरेस्ट और माउंट ल्होत्से पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने माउंट एवरेस्ट से माउंट ल्होत्से तक 11 घंटे और 15 मिनट में यात्रा करने वाले पहले भारतीय बनकर एक और रिकॉर्ड भी बनाया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंडिगो एयरलाइंस जबलपुर से मुंबई की नियमित उड़ान 1 जुलाई से प्रारंभ करने जा रहा है, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इसके लिए केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए इंडिगो एयरलाइंस प्रबंधन को धन्यवाद दिया है।
- इंदौर की पुलिस लाइन में आयोजित समर कैंप का पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ। कैम्प में 300 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।
- कटनी जिले में चल रहे एडल्ट बीसीजी अभियान के तहत अनुविभागीय कार्यालय कटनी एवं नगर निगम कार्यालय में कल बीसीजी टीकाकरण का शिविर आयोजित किया गया।
- डिंडोरी में जिला प्रशासन द्वारा आनंदम दीदी कैफे में 11 मई से 11 जून तक संस्कार समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में बच्चों को सुरक्षित वातावरण में जीवन कौशल, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक अनुभव को निखारने का अवसर मिल रहा है।

- श्योपुर में कल से 4 जून तक महिला बाल विकास विभाग द्वारा माहवारी स्वच्छता सप्ताह मनाने के क्रम में कल आंगनबाडी केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।
- छतरपुर में कलेक्टर संदीप जी.आर. ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं मरीजों को मिलने वाले उपचार के संबंध में जानकारी ली।
- रायसेन जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई।
- मंडला में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल नैनपुर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछिया में लक्ष्य असेसमेंट की तैयारियों की समीक्षा की।
- मुरैना में भिक्षावृत्ति अभियान के दौरान भीख मांगते हुए 7 बच्चे पाये गये. इस दौरान बच्चों एवं उनके परिवार के सदस्यों को भिक्षावृत्ति न करने की सलाह दी गई। 2 बच्चों को बालग्रह भी भेजा गया।
- बैतूल जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी. दूर चिचोली थाने के अंतर्गत आने वाले चूना जोड़ा के पास टैंकर और बाईक की टक्कर में दो युवकों की मृत्यु हो गई।
- खरगोन जिले की कसरावद उप जेल के प्रहरी राजीव सिह अर्गल का निधन हो गया है. वे अपने आवास पर अचेत मिले थे।

.....................

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**(1) मतगणना तैयारियां**

**प्रदेश में चार चरणों में संपन्न लोकसभा चुनावों की मतगणना 4 जून को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल प्रदेश के सभी 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर उन्हें मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर तेज गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर ठंडा पानी, कूलर, पंखे, मेडिकल किट, एम्बुलेंस, अग्नि शमन यंत्र, फायर ब्रिगेड सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं कर लें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि मतगणना कर्मियों को दिया जा रहा गणना कार्य का प्रशिक्षण 31 मई तक पूरा कर लें।**

**(2) मतगणना राउंड**

**लोकसभा की 29 सीटों पर हुए चुनावों में वोटों की गिनती के लिए 52 जिलों में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। लोकसभा क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत पन्ना जिले की पवई विधानसभा में सबसे अधिक 24 राउंड में मतों की गिनती पूरी होगी। यहां 14 टेबलें लगाई जाएगी। जबकि सबसे कम 11 राउंड में मतों की गिनती भिंड लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले दतिया जिले की सेवड़ा विधानसभा में होगी। यहां पर 20 टेबलें लगाई जाएंगी। मतगणना के दौरान सबसे अधिक टेबलें लोकसभा संसदीय क्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र सिवनी, मंडला लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र**

केवलारी, लखनादौन और विदिशा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बुदनी में लगाई जाएंगी। यहां पर क्रमशः 28-28 टेबलें लगाई जाएंगी।

### (3) निवाड़ी पिंक मतगणना

निवाड़ी में 4 जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पिंक मतगणना की तैयारी की जा रही है। यहाँ वोटों की गिनती का जिम्मा पूरी तरह से महिलाओं के हाथ में होगा। ईव्हीएम निकलने से लेकर मत पत्रों की गिनती तक सभी दायित्व महिला कर्मचारियों द्वारा पूरे किये जायेंगे। टीकमगढ़ लोकसभा सीट के लिए 14 काउंटिंग टेबिल लगाए गए हैं जिसमें प्रत्येक टेबिल पर 1 महिला काउंटिंग सुपरवाईजर एवं 1 महिला काउंटिंग सहायक रहेंगी। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। एक महिलाकर्मी राजेश्वरी माहोर ने बताया कि महिलाओं की प्रशिक्षण में शत प्रतिशत उपस्थिति मतगणना के लिए उनके उत्साह को प्रदर्शित कर रही है।

बाईट- राजेश्वरी माहोर

### (4) नमामि गंगे अभियान

प्रदेश के नगरीय निकायों में जी आई एस सर्वे के आधार पर झील और तालाब संरक्षण की 48 परियोजनाओं को अब तक मंजूरी मिली है। इनमें इंदौर में तलावली चांदा तालाब, खुरई में झील संरक्षण और अशोक नगर में जलाशय के संरक्षण कार्यों की व्यापक सराहना हुई है। प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी नगरीय निकायों द्वारा जलाशयों के संरक्षण और उन्नयन के कार्य लगातार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में शनिघाट, भोपाल के छोटे तालाब और इंदौर में लालबाग के निकट जल स्रोतों की स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उज्जैन के गौवर्धन सागर की स्वच्छता और सौंद्रर्यीकरण भी सुनिश्चित करने को कहा है । डॉ. यादव ने कहा कि नमामि गंगे अभियान से आमजन को जोड़ने की अपील भी की है।

### (5) अग्नि सुरक्षा अभियान

इंदौर में चार मंजिला और इससे अधिक के भवनों, होटल, हॉस्पिटल, औद्योगिक एवं अन्य व्यावसायिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा प्रबंधों की जांच के लिये आज से मुहिम प्रारंभ की जा रही है। इस दौरान अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं पाये जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए भवनों को सील करने की कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि अग्नि सुरक्षा प्रबंध के प्रति लापरवाही और अनियमितताएं बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

------------------------------